www.avadhkaawaz.com



# अवध की आवाज



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–134 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 15 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## कोरोना काल में अनाथ युवतियों की शादी कराएगी योगी सरकार, मिलेगा 1-1 लाख

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड काल के दौरान अनाथ युवतियों की शादी कराने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार



मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कोविड–19 से अनाथ हुई युवतियों की शादी के लिए एक लाख एक हजार रुपये जिला प्रोबेशन के माध्यम से दिए जाएंगे। इसके लिए जिले में युवतियों का डाटा एकत्र किया जा रहा है। जिनके माता पिता की कोरोना से मौत हो गई है। साथ ही उनकी आर्थिक स्थित भी ठीक नहीं है। इससे पहले सरकार ने इनके भरण पोषण, शिक्षा व चिकित्सा की जिम्मेदारी ली है। अब फैसला लिया गया है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में चयनित ऐसी किशोरियां जो बालिग हो रही हैं उनके शादी के लिए सरकार एक लाख एक हजार रुपये देगी। विवाह के लिए निर्धारित तिथि को वर की आयु 21, वधू की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इसमें आवेदन के लिए लाभार्थी व अभिभावक की फोटो सहित पूर्ण आवेदन पत्र, माता पिता या वैध संरक्षक का मश्त्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।

## राज्यपाल ने राजभवन में नारी बंदी निकेतन कारागार से रिहा हुई 75 महिला कैदियों को दिये उपहार

अवध की आवाज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर चल रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत नारी बंदी निकेतन कारागार से रिहा हुई 75 महिला कैदियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये साड़ी, शाल तथा मिष्ठान भेंट किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल



जी ने कहा कि कारागार से मुक्त होकर आप सभी अपने परिवार के पास जा रही हैं। आप संकल्प लें कि जिस किसी कारण से आपसे अपराध हो गये हैं उनकी अब कभी पुनरावृत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि घटना भूलें, बदले की भावना से बचें यह तभी सम्भव है जब आप अपनी सोच बदलेंगी। इसलिये गलत विचारों से मुक्त होकर अपना कार्य कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। कारागार में रहकर आप सभी ने अपनी–अपनी रूचि के अनुसार जो हुनर सीखे हैं, उसको अपनाते हुए आत्मनिर्भर बनने की ओर आगे बढ़े और अपने परिवार का सहारा बनें। साथ ही अपने परिवार तथा समाज को भी आवेश एवं क्रोध में किए जाने वाले अपराधों से रोकें। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज आप सभी के खातों में कारागार विभाग ने आपके द्वारा कारागार में अर्जित की गई धनराशि आप के खाते में डाल दी है। इसका उपयोग आपको बड़ी ही सावधानी से करना है ताकि उसका कोई दुरूपयोग न कर सके। उन्होंने कहा कि उचित होगा कि अपनी आय की धनराशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई–लिखाई व उन्हें हुनरमन्द बनाने में करें। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार हुनरमंदों के लिए अनेक योजनाएं भी चला रही हैं, जिनका लाभ लेकर अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने में भी आप सहायक हो सकती हैं। अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा कि आजादी की 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर 75 महिला बंदियों की रिहाई की जा रही है, उन्होंने कहा कि "बीती ताहि बिसार दे आगे की सुध लेय" अर्थात् आप पुरानी घटनाओं को भूलते हुये अपने आगे के जीवन को अपने परिवार के साथ हंसी खुशी से बितायें। किसी भी प्रकार की बदले की भावना से दूर रहें। उन्होंने बताया कि जेलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है ताकि बंदियों को मूलभूत सुविधायें प्रदान की जा सकें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास सुश्री वी0 हेकाली झिमोमी, महानिदेशक कारागार श्री आनंद कुमार, अपर महानिदेशक जेल शरद कुमार कुलश्रेष्ठ सहित अन्य अधिकारी एवं रिहा की गई महिलाएं मौजूद थीं।

## योगी आदित्यनाथ के खिलाफ पूर्व आइपीएस ने किया चुनाव लड़ने का ऐलान

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की एंट्री हो गयी है। अमिताभ ठाकुर राजनीति में उतरने का ऐलान किया है और इसके साथ ही पूर्व आईपीएस ने 2022 की विधानसभा चुनाव में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मैदान में उत्तरने का ऐलान किया है। अमिताभ ठाकुर ने ट्वीट करते हुए बताया कि योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर करने के बाद से तमाम लोग लगातार मुझे उनके खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए कह रहे हैं और उन सभी बातों पर गंभीरता से विचार कर मैंने यह फैसला लिया है कि वे जहां से भी आगामी विधान सभा चुनाव लड़ेंगे, मै उनके खिलाफ चुनाव लड़ूंगा।



ठाकुर ने कहा कि योगी ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में तमाम लोकतांत्रिक, अराजक, उत्पीड़नात्मक तथा विभेदकारी कार्य किए। वे इनके विरोध में चुनाव लड़ेगे।









## थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों का हुआ निस्तारण

अवध की आवाज

माधौगढ (जालौन) थाना समाधान दिवस में समस्याओं का खूब निस्तारण हुआ। 10 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में ज़्यादातर मामले जमीनी विवाद के आते हैं। कोतवाल प्रवीण कुमार की मौजूदगी में समाधान दिवस में रामकुमार भारद्वाज और बृजराज सिंह असहना के बीच जमीनी विवाद आया, गायत्री देवी गीधन की खोड ने भी जमीन का विवाद दर्ज कराया। नारायण दास और रामबाबू धमना के बीच भी जमीन का विवाद दर्ज किया गया। शिवमोहन सिंह ने शिशुपाल आदि पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया। शिवराज सिरसा दोगढी ने अपनी जमीन के हिस्से की मांग की। पुष्पलता निवासी सूपा ने जमीन के विवाद का मामला दर्ज कराया। प्रवेन्द्र अहेता ने विपक्षियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने मेरा शौचालय तोड़ दिया है। संगीता निवासी माधौगढ़ ने प्लाट का मामला बताया। इस मौके पर उपनिरीक्षक सोनू श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र पटैरिया, उपनिरीक्षक नरेश सिंह, उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, मंसूर खान सदर लेखपाल, कृष्ण कुमार, निशा यादव, तपस्या गौतम,हरभजन सिंह, मनीष आर्या, संतोष वर्मा, बलराम प्रजापति, संतराम, चंद्रपाल निरंजन लेखपाल, विनय प्रताप सिंह कैलोर प्रधान प्रतिनिधि , चिंतामन ब्लाक प्रमुख माधौगढ़ आदि मौजूद थे।



## एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कदौरा थाना समाधान सुनी फरियादियों की समस्याएं

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन 24जुलाई ।थाना दिवस पर क्षेत्रीय वाद विवाद मामलों की शिकायतों को एसडीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता व लेखपालों व अन्य विभागों की मौजूदगी में सुनवाई की गयी एव आई आधा दर्जन से अधिक शिकायतों को लेकर निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। कदौरा थाने में समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम कौशल कुमार व सीओ वीरेंद्र कुमार सहित पुलिस पुलिस स्टाफ व राजस्व विभागीय लेखपाल व नगर पंचायत की मौजूदगी में आई शिकायतों की सुनवाई की गयी जिसमे आधा दर्जन राजस्व सहित पारिवारिक विवाद के मामले सामने आए जिनमे जांच निस्तारण के आदेश भी दिए गए मामलो में आधा दर्जन से अधिक राजस्व मामलों में ग्रामीणों द्वारा अपनी शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गयी वही अधिकारी द्वारा सम्बन्धित लेखपाल नगर पंचायत कर्मियों से राजस्व विवादों में पुलिस सुरक्षा में पैमाइस जांच के निर्देश देते हुए अन्य विवाद मामलों में उपनिरीक्षको को निस्तारण कार्यवाही के निर्देश दिए गए।वही वार्ता में एसडीएम द्वारा बताया गया कि दिवस में आई आधा दर्जन से अधिक राजस्व शिकायतों में एक का निस्तारण कर अन्य में जांच के निर्देश दिए गए।वही मौके पर



अधिकारी द्वारा कहा गया कि आगामी पर्व को लेकर सभी लोग आपसी सामंजस्य से मनाए एव किसी प्रकार का विवाद उत्पात न होने दे।एव स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी राष्ट्र प्रेम का जज्बा रखते हुए उक्त पर्व मनाए।वही प्रेस निरीक्षक संजय सिंह उपनिरीक्षक सोवरन सिंह बाबूलाल लक्ष्मी प्रसाद रणधीर सिंह सुवेन्द्र सिंह सहित स्टाफ व लेखपाल अनूप तिवारी रामजी सिंह व अन्य नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं की अध्यक्षता में हुआ प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष का चयन

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन 14 अगस्त।कदौरा विकास खण्ड क्षेत्रीय प्रधान संघ द्वारा बैठक के जरिये संघ ब्लाक अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष का चयन किया गया वही प्रधानों की आवाज बुलंद करते हुए उनका शोषण बर्दाश्त न करने की बात कही गयी।साथ ही आगंतुक भाजपा पदाधिकारियों के बीच एक दूसरे का सम्मान करते हुए हुंकार भरी गयी। ज्ञातव्य हो कि विकास खण्ड कदौरा ब्लाक के प्रधानगणो द्वारा शनिवार को नगर लक्ष्मी गेस्ट हाउस में प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा जिला पंचायत सदस्य ज्ञान सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मंचासीन भाजपा पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष जगत विश्वकर्मा व बबलु शुक्ला की मौजूदगी में सर्वसहमति से पंडौरा ग्राम प्रधान जीतू द्विवेदी को ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया वही तिरही प्रधान शिवराम पाल को उपाध्यक्ष चयनित किया गया वही बैठक में आगंतुक पदाधिकारियो का एव निर्वाचित प्रधान व अन्य प्रधानों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया वही जिला पंचायत सदस्य ज्ञान सिंह भदौरिया व मंडल अध्यक्ष जगत विश्वकर्मा द्वारा सम्बोधित कर कहा कि सभी प्रधान ग्राम पंचायतों में समानता का भाव रखते हुए विकास करे कोई भेदभाव न करे।वही अलग अलग प्रधानों द्वारा अपने वक्तव्य में सन्देश दिया कि प्रधानों का शोषण बर्दाश्त नही किया जाएगा एव शाशन से मांग है कि प्रधानों का मानदेय बढ़ाया जाए व 5 वर्षो के लिए बीमा दिया जाय जिसमे प्रधान के साथ कोई घटना होती है तो परिजनों को संचालन हो सके।साथ ही अन्य समस्याओ को लेकर अवगत कराया गया कि गांव में विकास कार्य को लेकर अक्सर विपक्षियों द्वारा विरोधाभास कर पंचायती कार्यो को बाधित किया जाता है जिसमे प्रसाशन का सहयोग नही मिलता जिससे प्रधान अकेला रह जाता है इन्ही समस्याओ को लेकर प्रधानों ने चर्चा की गयी।कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश द्विवेदी द्वारा किया गया वही मौके पर प्रधान मु आवेश चतेला नाका कल्लू सिंह पथरेहटा सेवाराम पाल मरगायां बड़ागांव कानाखेड़ा सहित अन्य प्रधान व दीपू द्विवेदी उमेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



## छेड़खानी मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा भेजा जेल

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन। छेड़खानी सहित मुक़दमे में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना दबोच लिया गया जिसे जेल भेजने की कार्यवाही की गयी। ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कदौरा निरीक्षक संजय सिंह द्वारा अपराधियो की धरपकड़ अभियान के तहत छेड़खानी मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को ग्रिफ्तार कर कार्यवाही की गयी। मामले में बताया गया कि गत समय मे हुई घटना में अभियुक्त छोटे पुत्र कमलेश तिवारी निवासी खुटमिली के खिलाप महिला द्वारा दी गई तहरीर में धारा 147 148 149 354 452 323 504 506 व एससी एसटी के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था उक्त मामले में आरोपी के हाजिर न होने पर कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया था लंबे समय से फरार चल रहे उक्त अभियुक्त को बीती रात पुलिस द्वारा नाकाबंदी करते हुए अभियुक्त को ग्रिफ्तार कर जेल भेजा गया।





स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशानुसार,डीसीपी सोमेन बर्मा,एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव,थाना प्रभारी प्रमोद मिश्रा, एस आई तौहीद और पुलिस बल के साथ चला चेकिंग अभियान।



उन्नाव गंगाघाट कोतवाली के अंतर्गत आज शुक्लागंज रू शकुन सिंह जिला पंचायत अध्यक्षा का आज शुक्लागंज नगर के प्रथम आगमन पूर स्वागत व सम्मान समारोह कैप्टन राहुल तिवारी विधानसभा 165 सदर उन्नाव के द्वारा नगर के एक गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें गोरेलाल दिक्षित राकेश सिंह (मंडल कोषाध्यक्ष) भाजपा अशोक तिवारी पूर्व सभासद , अनीता तिवारी सहित अन्य सभासद लोग उपस्थित रहे जिसमें कैप्टन राहुल तिवारी ने अध्यछा शकुन सिंह को मुकुट पहनाकर और शशांक शेखर को तलवार दे कर स्वागत किया


# झण्डी चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

## अवैध तमंचा समेत अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वांछित / वारंटी / चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय के कुशल मार्गदर्शन में रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर निघासन कोतवाली की झण्डी चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ,उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सादिर उर्फ सादिक पुत्र अली बहादुर निवासी ग्राम मिर्जागंज कोतवाली निघासन जनपद खीरी को झण्डी चौकी क्षेत्र के ग्राम देवीदीनपुरवा मोड़ से समय रात्रि 02.45 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त सादिर उर्फ सादिक की जामा तलाशी से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय में अन्तर्गत धारा 3/25 आयुध अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गौरतलव है कि दिनांक 01.07.2021 को वादी राम सिंह पुत्र श्याम बिहारी निवासी झण्डीराज कोतवाली निघासन खीरी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा 50 हजार रूपये व जेवरात चोरी करने के सम्बन्ध में कोतवाली निघासन में मु0अ0सं0 346/2021 धारा 380/411 भा0दं0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था। मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. खलील पुत्र याकूब निवासी मिर्जागंज थाना निघासन जनपद खीरी 2. जिबरार पुत्र ताजिर निवासी पठानपुरवा मजरा पढुवा थाना निघासन जनपद खीरी 3. मुस्तकीम पुत्र अब्बास निवासी पठानपुरवा मजरा रकेहटी थाना निघासन जनपद खीरी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जिला कारागार भेजा जा चुका है।





# किसान मंच द्वारा जिलाधिकारी को सौंपा गया 17 सूत्रीय ज्ञापन।

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। भारतीय किसान मंच के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक 17 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय सीतापुर मे सौंपा गया। कार्यक्रम के अनुसार लाल बाग स्थित शहीद पार्क में भारतीय किसान मंच के कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में इकट्ठा होकर सर्वप्रथम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा उसके बाद कचहरी के पास ही प्रेम नगर स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात आंख अस्पताल तिराहे पर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने की एवं संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया जिलाधिकारी को दिए गए मांग पत्र में किसान मंच द्वारा वर्तमान सरकार द्वारा पारित किसान विरोधी तीन काले कृषि कानूनों को हटाने की मांग की गई प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि यदि इन काले कानूनों को जल्द नहीं हटाया गया तो संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र का किसान एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि बीजेपी सरकार के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं जैसे कि वर्तमान समय में कहा गया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बीजेपी सरकार द्वारा होगी महिलाओं की सुरक्षा । लेकिन दोनों ही मुद्दों पर यह सरकार अभी तक कुछ भी नहीं कर पाई है आए दिन बेटियों महिलाओं के साथ हो रही छेड़छाड़ और दुराचार की घटनाएं इस दिशा में सरकार द्वारा की जा रही कवायद की कहानी खुद कह रही है सरकार को जिम्मेदारियों के साथ अपने कहे हुए वादों को पूरा करना चाहिए तभी किसान एवं सभी भारतवर्ष की जनता खुशहाल होगी । इस अवसर पर कार्यक्रम को अन्य लोगों ने संबोधित किया उनमें सरदार निर्भय सिंह पिंदर सिंह सिद्धू सचेंद्र दीक्षित जितेंद्र मिश्र जिला अध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल रहे इस अवसर पर शैलेंद्र राज राजू खान डा इस्लामुद्दीन मासूम अली अयोध्या अनिल कुमार गुरनाम सिंह बबलू शोभा जी विमला अनिता विमला गुड्डी नीलम शिवेंद्र प्रताप कोमल कमलेश राजवंशी सोनेसरी लखपत सिंह ,ठाकुर प्रसाद दिव्य सिंह विमल मिश्र शौर्य ठाकुर नागेंद्र सिंह पवन मिश्र एकर्ष अवस्थी सनद मिश्र निहाल शुक्ला आर्यन शुक्ला सुबोध राजेश भार्गव आकाश प्रियांशु मिश्र ललित वर्मा रचित सक्षम अंकित अनिमेष गोलू शुक्ला शिवम तिवारीश्रेष्ठ विमल मिश्र (जिला प्रवक्ता) राजेंद्र कुमार,सुमन वर्मा,आनंद पाल,रामसिंह गौतम,मायादेवी,रामकिशोर, हरविंदर, रामू, राजेश कुमार नागेंद्र अमन मनोज सुनील सुहैल अखिलेश मून शिवपूजन नीरज ज्योति रत्नम श्रीराम दिनेश बाबू गुरदीन नासिर जाहिर मो आजम आबिद अली गजराज परवन उमेश गुड्डू श्रीकेसन पप्पू संतोष देशराज विजय अनिल गोली प्रदीप सहित क्षेत्र के किसान मजदूर व संगठन से जुड़े अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





कानपुर। शनिवार को कानपुर के गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी अपनी विधानसभा के अंतर्गत इस्पात नगर, दादा नगर में शिफ्ट हुए उद्यमियों से मुलाकात की और उनसे व्यवस्थाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर उनसे वार्ता की। और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया साथ ही साथ व्यवस्थित करने का आश्वासन भी दिया । उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अवध की आवाज कानपुर से मुख्य संवाददाता कुलदीप सिंह की रिपोर्ट














कानपुर। दिनांक 14 , 8 2021 दिन शनिवार को विजय नगर चौराहा छपेड़ा पुलिया पर कांग्रेश कमेटी द्वारा किया गया स्वागत समारोह एवं चुनाव की घोषणा और वहां पर वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मौजूद सलमान खुर्शीद जी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विशेष रूप से मौजूद रहे केंद्र सरकार की नीतियों पर व्यापार पर आने वाली दिक्कतों पर चर्चा करते हुए व्यापारियों ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया संयुक्त व्यापार मंडल कोयला नगर कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल दादा नगर नयागंज किराया व्यापार मंडल भी मौजूद रहे। अवध की आवाज के जिला व्यापार संवाददाता शशिकांत गुप्ता ने कई बिंदुओं पर चर्चा कि कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समस्या निवारण हेतु आश्वासन दिया।









## लोकसभा क्षेत्र रामपुर से सांसद जनाब आजम खान का 73वां जन्मदिन जिला कार्यालय पर मनाया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लापजत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थित में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा क्षेत्र रामपुर से मा0 सांसद मोहम्मद आजम खान जी का जन्मदिन केक काटकर बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह ने कहा कि मोहम्मद आजम खान जी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। वह समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं और रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नौ बार विधानसभा के सदस्य रहे हैं। इस मौके पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व जिला महासचिव राशिद अली, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, कुलदीप यादव, जिला सचिव इब्राहिम मंसूरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष इशितयाक अहमद, रूद्र विनायक यादव, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', वरिष्ठ नेता सुशील यादव 'गुड्डू', लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, जिला सचिव पंकज रावत, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष एस0यू0 खान 'भईया जी' शौकत अली, अनवर अंसारी, साबिर अली, उर्मिला रावत, शिवम यादव 'गोलू' के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नागपंचमी,स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन की सभी देशवासियों को क्षेत्रवासियों को,ग्राम वासियों को,अवध की आवाज के सभी पत्रकार बंधुओं को ,लखनऊ



आमिर भाई
अपराध संवाददाता
अवध की आवाज
जाजमऊ,कानपुर



नागपंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की सभी देशवासियों को क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



योगेंद्र कुमार (टीटू भैया)
सभासद
वार्ड नंबर 3
इंदिरा नगर गंगाघाट,उन्नाव



कुँवर बहादुर सिंह
संस्थापक श्री बाला जी जन कल्याण समिति शेखपुर नरी

सभी देशवासियों को जनपद वासियों को क्षेत्रवासियो,ग्राम शेखपुर नरीके सभी बुजुर्ग नन्हे–मुन्ने नौजवान साथियों को नाग पंचमी स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाऐ।




नागपचमी स्वतत्रता दिवस रक्षाबधन व जन्माष्टमी की सभी देशवासियों को क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी
मंडल उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी
भारतीय जनता पार्टी मंडल गंगाघाट





15 अगस्त के पावन पर्व पर सभी जनपद वासियों को क्षेत्रवासियों को ग्राम सभा शेषपुरनरी के नौजवान साथियों को नन्हे–मुन्ने बच्चों को एवं बुजुर्गों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं आपका सेवक जनार्दन चौधरी पूर्व प्रधान शेषपुर नरी उन्नाव









ग्राम सभा मनिकापुर ब्लॉक असोहा सुरेंद्र कुमार प्रधान पति की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



# सम्पादकीय

## दागी राजनीति कब होगी बेदाग ?

राजनीति में शुचिता का सवाल सबसे अहम मसला है। बेदाग छवि के राजनेता और चरित्र की राजनीति वर्तमान दौर में हाशिए पर है। टीवी का वह विज्ञापन भारतीय राजनीति पर सटीक बैठता है कि 'दाग अच्छे हैं।' देश में यह मुद्दा चर्चा का विषय रहा है कि राजनीति का अपराधीकरण क्यों हो रहा है। दागदार और आपराधिक वृत्ति के व्यक्तियों को राजनीतिक दल प्रश्रय क्यों दे रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि राजनीति का अपराधीकरण हुआ है या फिर राजनीति ही अपराधियों, बाहुबलियों की हो चली है। जहाँ अब बेदाग चेहरों का कोई मतलब नहीं रहा। क्योंकि एक चरित्रवान व्यक्ति राजनीति की बदबू से खुद को अलग रखना चाहता है।

अब पहले जैसी साफ–सुथरी राजनीति की उम्मीद बेमानी है। कल जिन अपराधियों का सहारा लेकर लोग राजनेता बनते थे आज वही अपराधी खुद को सुरक्षित रखने के लिए राजनेता बन गया है। यह बदलती भारतीय राजनीति का नया चेहरा है। लेकिन उम्मीद बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में दिए गए अपने फैसले के अवमानना मामले में हाल में एक अहम फैसला सुनाया है। जिससे यह उम्मीद जगी है कि राजनीति में थोड़ी शुचिता आ सकती है, लेकिन अभी अदालत को इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहुत कुछ करना है। लोगों की रही–सही उम्मीद बस अदालत पर है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजनीति कितनी पवित्र होगी यह तो वक्त बताएगा, लेकिन देश और समाज के साथ प्रबुद्ध वर्ग में एक संदेश गया है।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बिहार चुनाव से पूर्व एक फैसला आया था जिसमें कहा गया था कि आपराधिक छवि के उम्मीदवारों का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए। इसकी सूचना अखबारों आनी चाहिए। जनता को भी यह मालूम होना चाहिए कि जिस व्यक्ति को वह चुनने जा रहे हैं उसकी पृष्ठभूमि क्या है। उसकी सामाजिक छवि क्या रही है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्हीं याचिकाओं की अवमानना की सुनवाई करते हुए अदालत ने सख्त रुख अपनाया। इसके लिए भाजपा, कांग्रेस, माकपा, राकांपा समेत आठ दलों पर पांच से एक लाख का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा बिहार विधानसभा में चुनकर गए आपराधिक नेताओं की सूची सार्वजनिक करने के साथ राजनीतिक दलों को यह भी बताने को कहा है कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जिसकी वजह से उन्होंने आपराधिक छवि वालों को पार्टी उम्मीदवार बनाया। क्या पूरे बिहार में चरित्रवान यानी बेदाग छवि का उम्मीदवार मिला ही नहीं? निश्चित रूप से सर्वोच्च अदालत का फैसला स्वागत योग्य है।

सर्वोच्च अदालत के फैसले पर अगर चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से काम करता है तो देश में एक नई तरह की राजनीति की शुरुआत होगी। अदालत ने अपराधियों के बारे में खूब प्रचार–प्रसार कर जनता को जागरूक करने को कहा है। इसके लिए मीडिया और अन्य संदेश माध्यमों का भी सहारा लेने की बात कही है। अदालत ने राजनीति के अपराधीकरण पर गहरी चिंता भी जताई है। चिंता जताना लाजमी भी है क्योंकि राजनीति में अब एक सामान्य आदमी चाहकर भी प्रवेश नहीं कर सकता है। क्योंकि उसके पास न बाहुबल है और न धनबल। अब सत्ता और सरकारों को लोकतंत्र की पवित्रता और शुचिता से कोई सरोकार नहीं है। सत्ता और सियासत का अब सिर्फ एक ही मकसद रह गया है कि चुनावों में साम, दाम, दंड, भय और भेद के जरिए अधिक सीट निकाल कर सत्ता हासिल की जाय। जिसकी वजह से राजनीति में अपराधियों का प्रवेश हो रहा है। क्योंकि एक बेदाग छवि का व्यक्ति यह सब नहीं कर सकता है। तभी तो राजनीति को 'दाग अच्छे हैं' वाले व्यक्ति पसंद हैं।

भारतीय संसद कि शोभा बढ़ाने वाले चालू सत्र में यानी 2019 में चुनकर आए 43 फीसदी माननीय दागी छवि के हैं। जबकि 2004 में यह 24 फीसदी था। लगातार आपराधिक पृष्ठभूमि से लोग संसद पहुंच रहे हैं। 2009 में यह 30 फीसद हो गया जबकि 2014 में यह संख्या 34 फीसदी तक पहुंच गई। फिर सोचिए संसद का हाल क्या होगा। इस हालात में हंगामा रहित सत्र की कल्पना कैसे की जा सकती है। बेल में बिल नहीं फाड़े जाएंगे, माइक नहीं तोड़ी जाएगी, नारेबाजी नहीं होगी, सभापति पर कागज के गोले नहीं डाले जाएंगे तो और क्या होगा। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू सदस्यों के व्यवहार पर आहत दिखे। नायडू ने कहा मुझे आंसू आ गए जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा महत्वपूर्ण सत्र हंगामें की भेंट चढ़ गया। करोड़ों रुपए शोर ने निगल लिया। फिर हम कैसी संसद का निर्माण करना चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में कुछ खास बातें कहीं हैं जिसका भारतीय राजनीति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अदालत ने कहा है उम्मीदवारों के चयन के 48 घंटे पूर्व राजनीतिक दलों को आपराधिक ब्यौरा प्रकाशित करना होगा। यह ब्यौरा बेवसाइट पर भी प्रकाशित होगा। आयोग एक मोबाइल ऐप बनाएगा जिसमें सम्बंधित दल टिकट पाने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों का सारा ब्यौरा रहेगा। इसके अलावा एक और खास फैसले में कहा है कि अब सरकारें माननीयों पर लदे आपराधिक मुकदमों को बगैर उच्च न्यायालय के आदेश के बिना नहीं हटा सकती। इसकी सूचना उच्च न्यायालय को सर्वोच्च अदालत को भी देनी होगी। इसके साथ ही सांसद, विधायकों के मुकदमों को देख रही विशेष अदालतों के न्यायाधीश भी जो सम्बंधित मुकदमों की सुनवाई कर रहे हैं वे अगले आदेश तक बदले नहीं जाएंगे।

अदालत की तरफ से आए सभी फैसले राजनीति की पवित्रता बनाए रखने में 'मील का पत्थर' साबित हो सकते हैं, लेकिन जनता को भी अपने मतों का प्रयोग सोच समझ कर करना होगा। हालांकि अभी बहुत परिवर्तन की उम्मीद नहीं कि जा सकती है, लेकिन एक उम्मीद तो है कि आने वाले दिनों में बहुत कुछ अच्छा होगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# जलवायु परिवर्तन से बढ़ेंगे चक्रवात

–सुदर्शन सोलंकी–

मानव द्वारा प्रकृति को पहुंचाए जा रहे नुकसान के कारण पृथ्वी के जलवायु पर निरंतर दबाव बढ़ता जा रहा है और यही कारण है कि विश्व में चक्रवातों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। चक्रवात एक ऐसा 'समुद्री दानव' है जो समुद्र से ऊर्जा ग्रहण करता है और फिर पृथ्वी की ओर आक्रामक रूप से बढ़ता है। इसमें अत्यधिक प्रचंड वेग और ऊर्जा होती है। जब यह 150 से 250 किमीध्प्रति घंटे के वेग से पृथ्वी की सतह से टकराता है तो भीषण आंधी और तूफान के साथ पृथ्वी को अत्यधिक प्रभावित करता है। तापमान अधिक होने से समुद्र की सतह भाप में परिवर्तित होकर भंवर या बवंडर के रूप में सीधे आकाश की ओर जाती है। इस बवंडर से समुद्र की सतह पर कम दबाव का क्षेत्र बनता है जिससे वाष्पीकरण की प्रक्रिया और तेज हो जाती है। हवा गरम होकर जैसे ही ऊपर उठती है, आसपास की ठंडी हवा खाली जगह भरने को आ जाती है। यह हवा भी गरम हो जाती है और अपने साथ पानी लेकर ऊपर उठती है। इस तरह लगातार ऊपर उठती हवाएं पानी के बादलों का कुंडली की तरह एक वृत्त बना लेती हैं जो एक चक्र की तरह घूमने लगता है। चक्रवात तेजी से एक घेरे में घूमती हवा होती है। इसलिए इसका मध्य–बिंदु हमेशा रिक्त होता है। घूमती हुई हवा उस बिंदु के चारों ओर घेरा बनाती है, लेकिन उस बिंदु तक नहीं पहुंच पाती। इसे 'चक्रवात की आंख' कहते हैं। अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान 'ताऊ ते' अनुकूल मौसमी कारकों की वजह से विनाशकारी हुआ था। भारत में चक्रवाती तूफान अधिकांशतः मई और अक्तूबर के बीच आते हैं। ज्यादातर चक्रवात बंगाल की खाड़ी में उठते हैं और पूर्वी तटरेखा पर उनका असर दिखता है। वर्ष 1999 में उड़ीसा में आए 'सुपर साइक्लोन' के अलावा आइला, पाइलिन, हुदहुद, गज, तितली और फानी जैसे तूफान पिछले 20 सालों में बंगाल की खाड़ी में आए हैं। अब अरब सागर में भी लगातार चक्रवाती तूफानों की संख्या में वृद्धि हो रही है। 'ताऊ ते' पिछले दो दशकों के सबसे ताकतवर तूफानों में से है।

### चक्रवाती तूफान का नामकरण

ट्रॉपिकल चक्रवात एक बार में एक हफ्ते या उससे अधिक समय तक बने रह सकते हैं। ऐसे में एक समय में एक से अधिक चक्रवाती तूफान होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए तूफान को एक नाम दे दिया जाता है जिससे पूर्वानुमान करते समय वैज्ञानिकों में भ्रम की स्थिति नहीं रहे। तूफानों का औपचारिक नाम रखने की परंपरा 1950 में अमरीका से शुरू हुई थी। इससे पहले तूफानों के नाम नाविक अपनी प्रेमिकाओं के नाम पर रखते थे। इसलिए शुरुआत में औपचारिक रूप से तूफानों के नाम महिलाओं के नाम से होते थे। सत्तर के दशक से यह परंपरा बदल गई और तूफानों के नाम महिला और पुरुष दोनों के नाम पर होने लगे। समसंख्या वाले वर्षों में तूफानों के नाम महिलाओं और विषम संख्या वाले वर्षों में यह पुरुषों के नाम पर होता है। वर्ष 2004 से विश्व मौसम संगठन और संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रशांत–एशियाई क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक आयोग की चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत चक्रवात का नाम रखा जाता है। आठ उत्तरी भारतीय समुद्री देश (बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड) एक साथ मिलकर आने वाले चक्रवाती तूफानों के 64 (हर देश से आठ नाम) नाम तय करते हैं। जब चक्रवात इन आठों देशों के किसी हिस्से में पहुंचता है, सूची से अगला दूसरा सुलभ नाम रख दिया जाता है। इन आठ देशों की ओर से सुझाए गए नामों के पहले अक्षर के अनुसार उनका क्रम तय किया जाता है और उसके हिसाब से ही चक्रवाती तूफान के नाम रखे जाते हैं।

### भारत में चक्रवाती तूफान से प्रभावित इलाके

भारत के तटवर्ती इलाके, विशेषकर ओडिशा, गुजरात, आंध्रप्रदेश, पश्चिम–बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा चक्रवाती तूफान से ज्यादा प्रभावित होते हैं। भारतीय मौसम विभाग पुणे के अनुसार पिछले एक दशक में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में उठने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में 11 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि 2014 और 2019 के बीच चक्रवातों में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया में समुद्र का तापमान बढ़ रहा है। समुद्र सतह का तापमान बढ़ने से चक्रवात अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी हो जाते हैं। अरब सागर में समुद्र सतह का तापमान 28–29 डिग्री तक रहता है, किंतु हाल में 'ताऊ ते' तूफान के समय यह 31 डिग्री था। एक अनुमान के आधार पर सबसे शक्तिशाली तूफानों की ताकत हर दशक में करीब 8 प्रतिशत तक बढ़ रही है। आईपीसीसी और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेटियोरोलॉजी की वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कॉल के अनुसार साइक्लोन 'ताऊ ते' के रूप में हम देख रहे हैं कि लगातार तीसरे साल साइक्लोन पश्चिमी तट के अत्यधिक करीब आया है। पिछली एक सदी में अरब सागर के तापमान में वृद्धि हुई है और इससे यहां चक्रवातों की संख्या और मारक क्षमता बढ़ी है। रॉक्सी मैथ्यू ने आगे बताया कि पहली बार लगातार चार वर्षों (2018, 2019, 2020 व 2021) में प्री–मानसून सीजन (अप्रैल–जून) में अरब सागर में चक्रवात दिखाई दे रहे थे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन' नाम की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो गर्म लहर (हीट वेव्स) में तीन से चार गुना की बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार सदी के अंत तक (वर्ष 2100 तक) भारत के औसत तापमान में 4.4 डिग्री की बढ़ोतरी हो जाएगी। इसका सीधा असर लू के थपेड़ों और चक्रवाती तूफानों की संख्या बढ़ने के साथ समुद्र के जल–स्तर के उफान के रूप में दिखाई देगा।

इस रिपोर्ट के अनुसार मौसमी कारकों की वजह से उत्तरी हिंद महासागर में अब और अधिक शक्तिशाली चक्रवात तटों से टकराएंगे। ग्लोबल वॉर्मिंग से समुद्र की सतह लगातार उठ रही है। उत्तरी हिंद महासागर में जहां 1874 से 2004 के बीच 1.06 से 1.75 मिलीमीटर की बढ़ोतरी हो रही थी, वहीं पिछले 25 सालों (1993–2017) में समुद्री जलस्तर में 3.3 मिलीमीटर प्रति वर्ष वृद्धि देखी जा रही है। अमरीका के 'नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (एनओएए), प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और यूके में 'यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया' के वैज्ञानिकों ने ऊष्णकटिबंधीय चक्रवातों पर बदलती जलवायु के प्रभाव को समझने के लिए इससे संबंधित 90 लेखों की समीक्षा की व निष्कर्ष निकाला कि यदि वर्ष 2100 तक दुनिया का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है तो चक्रवाती हवा की अधिकतम गति में 5 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। चक्रवाती हवा की गति 300 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक हुई तो बिजली के खंभों, मकानों और वनस्पति जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा सकती है। समुद्र के बढ़ते जल स्तर के कारण तूफान भी बढ़ते हैं, जिससे चक्रवाती तूफानों के विनाशकारी प्रभाव की आशंका बढ़ जाएगी। चक्रवाती तूफानों को कम करने एवं उनसे होने वाले विनाश से बचने के लिए कार्बन उत्सर्जन व प्रदूषण पर नियंत्रण एवं वनोन्मूलन को रोकना अत्यंत आवश्यक है।




अवध की आवाज ब्यूरो

दिनांक 14.08.2021 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी उन्नाव एवं पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा थाना सफीपुर में जनता की समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया एवं श्रावण मास को दृष्टिगत रखते हुए उपस्थित आम–जनमानस को कोविड गाइडलाइन्स का पालन करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।







# कुत्ता काटने के बाद विवाद में किसान की गोली मारकर हत्या, इलाके में हड़कंप

*लखनऊ (वेबवार्ता)। गांव तिलियानी में किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। सीओ सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। ग्रामीणों की भीड़ जमा है। मामला जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम तिलियानी का है जहां पर रहने बाले किसान रामकुमेश की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर सीओ सिरसागंज कमलेश कुमार सहित पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया। बताया गया कि इस दौरान रामकुमेश की पत्नी शांति देवी भी घायल हो गयी और बताया गया कि कल रात में कुत्ते के काटने के बाद 2 पक्षों में विवाद भी हो गया था। साथ ही मश्तक रामकुमेश के भतीजे कृष्ना को आरोपी दीपा के कुत्ते ने काट लिया था। जिसके बाद दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसके चलते शनिवार सुबह 8 बजे दीपा ने राम कुमेश में 3 गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। एसएसपी अशोक कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।*

फाइन आर्ट गैलरी संस्था व प्रभा जी, अर्जुन जी, महेश जी, रामपाल जी, सुनीता जी, नीलम जी गीता जी, राजकमल, राकेश जी द्वारा 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बहुत बहुत बधाई















अवध की आवाज के संस्था लखनऊ उन्नाव कानपुर की तरफ से सभी देशवासियों को जनपद वासियों को अवध की आवाज के दैनिक समाचार अखबार के द्वारा एवं चैनल द्वारा स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं,,अनिल कुमार सिंह संपादक अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित गुड्डू मिश्रा ब्यूरो चीफ उन्नाव कानपुर मंडल प्रभारी की तरफ से कानपुर उन्नाव एवं लखनऊ संस्था की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं, सही खबर के लिए सही जानकारी के लिए एक बार जरूर पढ़ें अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र




अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।